INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI (2nd lang.)	Department: Hindi	
अनुच्छेद	**Topic:** पिकनिक	**Note: Pl. write in your note book**

अनुच्छेद- पिकनिक

पिकनिक का अर्थ प्रकृति की खूबसूरत गोदी में मौज-मस्ती करना है। हम लोग रोज एक जैसी दिनचर्या से ऊब जाते हैं और अपनी जिंदगी में काम और चिंताओ से कुछ समय के लिए मुक्ति चाहते हैं । उसके लिए पिकनिक सबसे अच्छा उपाय है। पिछले शुक्रवार को मैं अपने स्कूल के सहपाठियों तथा अध्यापकों के साथ पिकनिक पर गया। हम पिकनिक मनाने के लिए समुद्रतट के पास वाले बगीचे में गए थे। उस दिन मौसम बहुत ही सुहावना था और बादल छाए हुए थे। हम स्कूल से सुबह 7 बजे निकले थे और 8 बजे वहाँ पहुँच गए थे। रास्ते में हम सब ने मिलकर गाने गाए। हमने खाने-पीने , खेल- कूद का समान और चटाइयाँ आदि गाड़ी में पहले ही रख ली थीं। बगीचे में बहुत लोग आए हुए थे। हम सब ने वहाँ बैठकर बहुत सारी बातें की और फिर समुद्र के शीतल पानी में नहाने का आनंद लिया। तब तक हमारे लिए खाना लग गया था और हम लोगों ने स्वादिष्ट भोजन का मजा लिया। हमने खुले आसमान के नीचे खेलने और शुद्ध हवा का आनंद भी लिया। हमारे कुछ अध्यापक भी हमारे साथ खेले । हमारे अध्यापकों ने हमें बहुत सारी ज्ञान की बातें सिखाईं।

शाम के करीब 5 बजे हम सारा सामान लेकर वापिस घर की तरफ चल पड़े।घर पहुँचे तो काफी अँधेरा हो गया था । फिर हमने पूरे दिन की बातें की और खुशी के पलों को याद किया। पिकनिक के कारण हम सब खुश थे ।